# शहर में माली



सुसान मोक्सले

# शहर में माली



सुसान मोक्सले

नीले पहाड़ों के नीचे, सुदूर ग्रामीण इलाके में, माली जॉर्ज जादुई फूल उगाता था.

चूँकि उसकी उंगलियाँ में जादू था, इसलिए वो जो भी बीज बोता, वो बड़ा होता और फलता-फूलता था.





उसके बगीचे का हर प्राणी और पेड़ इंद्रधनुष की तरह चमकीला था.

उस ग्रामीण इलाके ने माली जॉर्ज को वो सबकुछ दिया जिसकी उसे ज़रुरत थी.







लेकिन फिर भी माली जॉर्ज कभी शहर जाने का सपना देखता था.

इसलिए एक दिन, उसने अपना सबसे अच्छा सूट पहना, अपने सूटकेस को फलों से भरा, अपनी जेबों में बीज भरे - और वो शहर की ओर चल दिया.







शहर की सड़कें खाली और नीरस थीं.

वहाँ जॉर्ज को कोई पेड़ या पक्षी नज़र नहीं आया.



माली जॉर्ज ने जो एकमात्र फूल देखे वे एक दुकान की खिड़की में सजे थे और वे उदास और उपेक्षित दिख रहे थे.







बेचारा जॉर्ज!

शहर में माली की कोई जरूरत नहीं थी.

फूलों की जगह शहर में हर जगह
कूड़ा-कचरा ही था.

अंत में माली जॉर्ज को शहर की सड़कों
पर झाड़ू लगाने का काम मिला.





उस रात जॉर्ज जब खाली बैठा था तब उसने अपने गांव के बगीचे के लाए संतरे खाने के लिए छीले.

जैसे ही उसने अपने रूमाल में बीज पकड़े, जॉर्ज के दिमाग में एक विचार कौंधा.

"मैं यहाँ पर एक बगीचा लगाऊंगा!"







अगले दिन जॉर्ज ने उन बीजों को बोया जो उसने खाए गए संतरों से बचाए थे.

जॉर्ज ने अन्य बीज भी बोए जिन्हें वो अपने साथ गांव से लाया था.



बीज अंकुरित हुए. जादुई पौधे उगने लगे.

जल्द ही वहां पर इंद्रधनुष की तरह
चमकीले पक्षी और तितलियाँ दिखाई दीं.







लोग रुककर इस अद्भुत दृश्य को देखने लगे.





फिर जॉर्ज के दिमाग में एक सर्वश्रेष्ठ विचार आया.

"मैं एक गार्डन पार्टी रखूंगा," उसने कहा, "और उसमें शहर में सभी लोगों को आमंत्रित करूंगा!"





सिलाई मशीनें गुनगुनाने लगीं.

बेकरी से अद्भुत खुशबू आने लगी.

संगीतकारों ने अपने वाद्ययंत्रों पर धुनें बजाईं.

और हर किसी ने माली जॉर्ज की पार्टी के
लिए अपने सर्वश्रेष्ठ कपड़े पहने.











आख़िरकार पार्टी का समय आया.

माली जॉर्ज ने गेट खोला और...



ऐसी पार्टी पहले कभी नहीं हुई.





लेकिन, इन सबके बीच में,

माली जॉर्ज पार्टी में से फिसल गया,

उसने अपना खाली सूटकेस उठाया,

और अब उसकी मूंछों के नीचे
एक मुस्कान थी.



वो नीले पहाड़ों के नीचे सुदूर देहात
में अपने घर वापिस जा रहा था.

लेकिन उसने उस दिन प्रत्येक मेहमान
के लिए एक विशेष उपहार छोड़ा था...





...और उस शहर के लिए भी.

